पेज थ्री देहरादून

देहरादून रविवार 18 अक्टूबर 2020

पेज 8

हमारा दून

महाराजा अग्रसेन जयंती पर यज्ञ का आयोजन करते हुए।



## संक्षिप्त समाचार

### चतुर्थ केदार रुद्रनाथ धाम के कपाट शीतकाल के लिए बंद

**संवाददाता** देहरादून। चतुर्थ केदार रुद्रनाथ धाम के कपाट शीतकाल के लिए बंद कर दिए गए हैं। पुजारी महादेव भट्ट ने परंपरा के अनुसार धाम के कपाट बंद किए। अब रुद्रनाथ भगवान की उत्सव डोली शाम तक गोपेश्वर पहुंचेगी। आपको बता दें कि रुद्रनाथ धाम पंच केदार में शामिल है। यहां भगवान शिव के मुख के दर्शन होते हैं। पंच केदार शिव मंदिरों का सामूहिक नाम है। चमोली जिले में समुद्रतल से 11808 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है चतुर्थ केदार रुद्रनाथ धाम। 18 मई को ब्रह्ममुहूर्त में मंदिर के कपाट खोले गए थे। कोरोना संक्रमण के चलते इस बार पंचकेदार पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की संख्या भी ना के बराबर रही, लेकिन रुद्रनाथ धाम में लगातार श्रद्धालु की आवाजाही बनी रही।

### शिक्षकों के उत्कृष्ट कार्यों को शिक्षा विभाग देगा मंच

**संवाददाता** देहरादून। अकादमिक शोध और प्रशिक्षण की ओर से कोविड–19 के दौरान शिक्षकों के उत्कृष्ट कार्यों को समाज के सामने लाने के लिए मेरा विद्यालय–मेरा गौरव अभियान के तहत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए एससीईआरटी निदेशक सीमा जौनसारी ने सभी जिलों के मुख्य शिक्षा अधिकारियों को पत्र भेजकर निर्देश दिए हैं। सीमा जौनसारी ने बताया कि शिक्षा को गुणवत्तायुक्त और सर्वसुलभ बनाने के लिए शासन के साथ ही विद्यालय प्रमुख और अध्यापक अपने स्तर पर बेहतर प्रयास कर रहे हैं।

### देवभूमि में संस्कृत शिक्षा की दुर्गती

**संवाददाता**
चम्पावत। आजादी के पूर्व वर्ष 1935 में स्थापित चम्पावत का एंग्लो संस्कृत विद्यालय छात्रों के लिए तरस रहा है। कभी छात्र संख्या के लिहाज से धनी इस विद्यालय में अभी सिर्फ नौ छात्र अध्ययनरत हैं। शिक्षकों की लाख कोशिश के बाद भी अभिभावक अपने पाल्यों को यहां भेजने के लिए तैयार नहीं हैं, जबकि स्टॉफ की समस्या छोड़ दें तो यहां कक्षा कक्षों के साथ शिक्षण की अन्य सभी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध हैं।

### दुकान में शव मिलने से सनसनी, सिर पर चोट के निशान, हत्या की आशंका

**संवाददाता** देहरादून। प्रेमनगर क्षेत्र में एक व्यक्ति का लहूलुहान शव उसकी दुकान में पड़ा मिला। व्यक्ति के सिर पर चोट के निशान से हत्या की आशंका जताई जा रही है। पुलिस के अनुसार व्यक्ति की पहचान गंगाराम (45) मूल निवासी बदायूं के रूप में हुई है। शनिवार की सुबह उसकी दुकान में शव पड़ा मिला। मृतक के सिर में पीछे की तरफ चोट के निशान हैं।

# बीजेपी प्रदेश कार्यालय का विधिविधान से हुआ शिलान्यास

## शिलान्यास

■भवन निर्माण में उकेरी जाएंगी उत्तराखंड की भवन शैली



**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने रिंग रोड, देहरादून में भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय भवन के भूमि पूजन एवं शिलान्यास कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। भाजपा के प्रदेश कार्यालय का शिलान्यास भा.ज.पा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगत प्रकाश नड्डा ने वर्चुअल माध्यम से किया। मुख्यमंत्री ने इस कार्यालय के निर्माण हेतु अपनी ओर से सवा लाख रुपये की सहयोग राशि पार्टी को प्रदान की।

मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने कहा कि इस कार्यालय भवन का निर्माण स्थानीय स्थापत्य कला पर किया जा रहा है। राज्य में सरकार बनने के बाद हमने प्रयास किया कि हमारी भवन निर्माण शैली एवं स्थानीय संसाधन जो प्रकृति ने हमें दिये हैं, उनका भरपूर उपयोग हो। राज्य में भवन निर्माण की स्थानीय शैली समाप्त होने के कगार पर थी, इसे बचाने के लिए हमने आवास नीति में प्राविधान किया कि उत्तराखण्ड की भवन निर्माण शैली से राज्य में कोई भवन निर्माण करता है, तो उनको वर्टिकल एक फ्लोर और बनाने की अनुमति प्रदान की जायेगी। इससे महानगरों में भूमि की समस्या को कम करने में सुविधा होगी और उत्तराखण्ड की अपनी पहचान भी बनती चली जायेगी। स्थानीय शैली में भवन बनाने से लाखों लोग जो इस क्षेत्र में कार्य करने में पारंगत हैं, उनकी आय के संसाधन बढ़ेंगे। कोटी बनाल की भवन निर्माण शैली को सी.एस. मजूमदार ने विश्व की सवश्रेष्ठ शैली बताया। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड में मुख्यतः 6 तरह की भवन निर्माण शैली है, हमारा प्रयास है कि ये फिर से पुनर्जीवित हो। इस कार्यालय के डिजाइन में सभी पहलुओं का ध्यान रखा गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा का प्रदेश कार्यालय बनने के बाद कार्यकर्ताओं को एक भव्य और अच्छा कार्यालय मिल जायेगा। किसी भी पार्टी की मजबूती के लिए कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।पार्टी के आदर्शों पर चलने एवं लक्ष्यों को पूरा करने के लिए कार्यकर्ता बहुत जरूरी है। कार्यकर्ता इस कार्यालय को मंदिर के रूप में देखें। कार्यकर्ता, कार्यालय एवं कार्यक्रमों से पार्टी बहुआयामी बनती है। उन्हें उम्मीद है कि पार्टी का यह प्रदेश कार्यालय कार्यकर्ताओं के बौद्धिक विकास के साथ ही प्रदेश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

बलबीर रोड पर स्थित कार्यालय में पार्टी कार्यक्रमों के दौरान स्थानीय लोगों को आवागमन में होने वाली परेशानी को भी मुख्यमंत्री ने बयां किया। इसके लिए मुख्यमंत्री ने उनसे क्षमा मांगी, हालांकि कभी भी स्थानीय लोगों ने अपनी इस परेशानी की शिकायत नहीं की। कम जगह होने की वजह से पार्टी कार्यकर्ताओं को भी वहां दिक्कत होती रही है। अब एक साल में पार्टी का नया भवन बनकर तैयार हो जाएगा।

इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बंशीधर भगत, मानव संसाधन विकास मंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक, सांसद श्रीमती माला राज्य लक्ष्मी शाह, तीरथ सिंह रावत, अजय भट्ट, अजय टम्टा, राज्य सभा सांसद अनिल बलूनी, राज्य मंत्री डा. धन सिंह रावत अन्य मंत्रीगण, विधायकगण एवं भारतीय जनता पार्टी के अन्य वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### सीएम ने शिलान्यास कार्यक्रम के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष का आभार जताया

मुख्यमंत्री ने कहा कि पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने कहा था कि पार्टी का प्रत्येक जिले में आधुनिक किस्म का कार्यालय बनना चाहिए। जो हमारी भविष्य की आवश्यकता के अनुसार हो। आज उनके सपने को साकार करने का कार्य राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा जी मार्गदर्शन में किया जा रहा है। इसके लिए उन्होंने शाह को भी बधाई दी और कहा कि उन्हें भी पार्टी कार्यालय के शिलान्यास और भूमि पूजन की खुशी होगी। उनकी प्रेरणा से ही आज प्रदेश में एक जिले को छोड़कर सभी जगह पार्टी के अपने कार्यालय भवन बन गए हैं।

# कृषि कानून के विरोध में प्रीतम सिंह का धरना

## अपील

■ भगत सिंह चौक पर जुटे सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता



देहरादून/रुद्रपुर। **संवाददाता**

कृषि कानून के विरोध में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह के साथ कार्यकर्ताओं ने धरना प्रदर्शन किया। भगत सिंह चौक पर धरना प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने इसे काला कानून बताते हुए किसानों से आगे आने की अपील की।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि काला कानून लागू होते ही किसानों का धान छह रुपये घाटे में बिक रहा है। आने वाला समय और भी ज्यादा मुश्किल भरा होगा।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह रुद्रपुर के भगत सिंह चौक पर शनिवार दोपहर 12 बजे पहुंचे। छोटे से भगत सिंह चौक स्थित पार्क में करीब पांच हजार लोग पहुंच गए। जिससे पार्क खचाखच भर गया। प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने कहा कि सरकार इस काले कानून से उद्योग पतियों को फायदा पहुंचाना चाहती है। कानून में किसानों को बहुत कम अधिकार दिए गए हैं। कानून के हिसाब से बड़ी कंपनियां किसानों की जमीन पर लोन ले सकती हैं। विपरीत परिस्थितियों में इस लोन की भरपाई किसानों को ही करनी पड़ सकती है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि वर्ष 2022 कांग्रेस का समय है। ऐसे में कार्यकर्ताओं को पूरे मनोयोग से जनता के साथ कार्य करने की जरूरत है। जिसमें किसानों के साथ किसी भी प्रकार का अहित बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। महानगर अध्यक्ष जगदीश तनेजा ने कहा कि किसानों काला कानून किसानों के खिलाफ एक साजिश है। जिसके लिए संघर्ष जारी रहेगा। इस मौके पर प्रदेश महामंत्री हरीश पनेरू, पूर्व विधायक नारायण पाल, युवा प्रदेश अध्यक्ष सुमित्तर भुल्लर, गोपाल सिंह राणा, शिल्पी अरोरा, सुभाष बेहड़, अरुण पांडे, मीना शर्मा, राजीव कामरा, अनिल शर्मा, सौरभ राज बेहड़ आदि मौजूद थे।

### फिजिक्स प्लानेट इंस्टीट्यूट ने फिर इतिहास दोहराया

**संवाददाता** देहरादून। देहरादून में फिजिक्स प्लानेट इंस्टीट्यूट ने इस बार पुनः एक इतिहास दोहराया। NEET–2020 एवम् JEE Mains और JEE Advanced, 2020 में इस बार पुनः यहां के Student ने शानदार सफलता हासिल की। NEET के सफल Students का नाम गौरी, देवांशी, प्रियंका,वैष्णवी, अशप्रीत, अंजलि मिश्रा, शैलवी, अंजलि शर्मा, हर्षप्रीत, विनय, अफ्फान, आयुषी है। इसमें सर्वोत्तम रिजल्ट गौरी का है जिसने 634 न० प्राप्त किया है। JEE Main and JEE Advanced के सफल students का नाम शैफाली, ऊर्वी, शिवांश, अंकुश है। इस रिजल्ट के उपलक्ष्य पर यहां के निदेशक एवम् चैलपबे ठनतन श्री रवि सिंह एवम् एकेडमिक डायरेक्टर एवम् Maths Guru बीके मिश्रा ने सभी `जनकमदजे के उज्ज्वल भविष्य की कामना की एवम् कहा कि रिजल्ट देना ही हमारी परम्परा एवम् हमारा लक्ष्य है।






स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादक: प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालय:
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०–
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।